**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम **महाकुंभ** आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया।

महाकुंभ (ए)

लाखों श्रद्धालु, तीर्थयात्री और आगंतुक गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस भव्य आयोजन का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रयागराज में महाकुंभ के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ देश की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव है।

महाकुंभ (बी)

144 वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। अनुष्ठान स्नान के अलावा लाखों श्रद्धालु संगम पर कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन कर रहे हैं।

*****************************************************************

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में लोहड़ी का त्योहार पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है। पावन और उत्साह से भरे इस मौसमी पर्व लोग मुंगफली, रेवड़ी,गजक-तिल बांटकर ख़ुशी मना रहे है। पानीपत से

हमारे संवाददाता ने बताया है कि लोगों विशेष कर पंजाबी समुदाय में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी की बधाई व  शुभकामनाएं दी हैं।शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते कामना की है कि यह त्योहार सभी के जीवन में ढेर सारी खुशियां, समृद्धि और उत्साह लेकर आए।

*************************************************************

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की तरफ से लोहड़ी और मकर संक्रांति जैसे पर्व को युवा पीढ़ी के साथ मनाया जा रहा है। परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कल देर सायं कुरुक्षेत्र के बाल भवन में आयोजित लोहड़ी और मकर संक्रांति के राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश भर से आई बेटियों और आमजन के साथ लोहड़ी का जश्न मनाया ।उन्होंने कहा कि लोहड़ी का पर्व केवल उत्सव ही नहीं है, अपितु हमारी सांस्कृतिक और पारम्परिक धरोहर भी है। यह पर्व देश की एकता, अखंडता और विविधता का परिचायक भी है।

*************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप-राष्ट्रपपति जगदीप धनखड़ ने लोहड़ी तथा कल मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू त्योहारों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ये त्योहार देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज हर्षोल्लास और उमंग के पर्व लोहड़ी पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर श्री शाह ने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आए।वहीँ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोहड़ी के अवसर पर देशवासियों को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी का त्योहार प्रकृति की कृपा और किसानों की कड़ी मेहनत तथा समर्पण का प्रतीक है।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि वकालत केवल एक पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि वकील देश की न्यायप्रणाली में योगदान देकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। मुख्यमंत्री चण्डीगढ़ में हरियाणा एवं पंजाब बार कौंसिल द्वारा आयोजित नये वकीलों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे।इस दौरान मुख्यमंत्री ने 1145 नये वकीलों को शपथ दिलवाई और उन्हें लाइसेंस प्रदान किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रवादी सोच का परिणाम है कि आजाद भारत ने 7 दशक के बाद गुलामी के समय बनाए गए और वर्तमान में अवांछित 3 कानूनों से मुक्ति पाई है। उन्होंने सभी नये वकीलों से अनुरोध किया कि वे नए कानूनों के बारे में आम जनता को जागरूक करने में भी सहयोग करें।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 नए आपराधिक कानूनों बनाने के अलावा लगभग 1600 ऐसे कानूनों को समाप्त किया है जिनकी वर्तमान में कोई व्यवहार्यता नहीं है। हरियाणा में भी 175 अनावश्यक कानूनों की पहचान की है, इनमें से 28 को निरस्त किया जा चुका है।मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीनों नए कानूनों को लागू करने के लिए प्रशिक्षण, संरचना व तकनीक के विकास एवं जन-जागरूकता आदि के लिए निरंतर काम किया जा रहा है।